



# सब रजिस्ट्रार के दलाल सर्विस प्रोवाइडर का वीडियो वायरल

**रजिस्ट्री के लिए 20 हजार रुपए के लेनदेन का आरोप, सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा वीडियो**




नवभारत न्यूज

**भिंड, 06 मार्च।** जिला पंजीयक एवं मुद्रांक विभाग में सीधे तौर पर कामकाज न होकर दलालों के माध्यम से होने का सिलसिला लंबे अर्से से चला रहा है। सर्विस प्रोवाइडर के जरिए दलाली का कारोबार चरम पर फल फूल रहा है। इनके माध्यम से नियमों को ताक पर रखकर कामकाज किए जा रहे हैं जिनमें लेनदेन भी जमकर हो रहा है। हाल में एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला के आधार कार्ड में उसका नाम सही न होने पर सर्विस प्रोवाइडर से सांठगांठ की गई और एक शपथ पत्र बनवाकर पेश कर दिया गया उसी आधार पर सब रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्ट्री कर दी गई। इसके लिए 20 हजार रुपए के लेनदेन की बात वायरल वीडियो में स्पष्ट सुनी जा सकती है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चंदरपुरा स्थित एक प्लाट शीलादेवी के नाम अंकित था। इसकी रजिस्ट्री उनके द्वारा सोनू शर्मा के नाम की गई। जबकि शीलादेवी के आधार कार्ड में उनका नाम सुशीला देवी था। नियमानुसार इस समस्या का समाधान आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कराकर होता लेकिन सर्विस प्रोवाइडर ने इस समस्या का समाधान सब रजिस्ट्रार अजय लोधी से चर्चा कर निकाल लिया, इसके एबज में शीला देवी से 20 हजार रुपए लिए गए और उनका शपथ पत्र बनवाकर रजिस्ट्री कर दी गई। इसकी पुष्टि वायरल वीडियो में सर्विस प्रोवाइडर राकेश गोयल और शीला देवी के पुत्र रंजीत सिंह के बीच बातचीत में हो रही है। इस सर्विस प्रोवाइडर द्वारा कलेक्ट्रेट गेट के सामने बाबा ऑनलाइन के नाम से कारोबार किया जा रहा है। इस प्रकार से प्रतिदिन न जाने कितनी रजिस्ट्री में जमकर लेनदेन का खेल चल रहा है। वायरल वीडियो में इसके द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि पिछले दिनों 60 हजार रुपए के खर्च में पार्टी को 1.50 लाख रुपए का लाभ हुआ। उसके द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि इस प्रकार के लेनदेन में हिस्सा नेताओं, अधिकारियों आदि को भी जाता है।

**अवैध घोषित कॉलोनियों की भी हो रही रजिस्ट्री:** पूर्व में अवैध घोषित की गई कॉलोनियों में भी प्लाट की रजिस्ट्री हो रही हैं। यह कारोबार भी सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से ही हो रहा है। बीते दिनों कुछ ऐसी ही रजिस्ट्री संपादित हुई हैं। शहर में तकरीबन आधा सैकड़ा से अधिक अवैध कॉलोनियों में भूखंड खरीद फरोख्त पर रोक लगाई गई थी। लेकिन सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से इन इलाकों में भी रजिस्ट्री हो रही हैं।

### वायरल वीडियो में सब रजिस्ट्रार भी शामिल

रजिस्ट्रार ऑफिस में लेनदेन को लेकर वायरल हो रहे छोटे- छोटे वीडियो में जब सब रजिस्ट्रार से 20 हजार रुपए लेनदेन का जिक्र किया गया तो सब रजिस्ट्रार लोधी यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि सर्विस प्रोवाइडर को बुलाकर बात करते हैं। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सर्विस प्रोवाइडर और सब रजिस्ट्रार की मिलीभगत से ही गड़बड़झाला चल रहा है।

**सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत:** बताया गया है कि शीला देवी द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर एक शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें सब रजिस्ट्रार लोधी पर सर्विस प्रोवाइडर के जरिए लेनदेन किए जाने का आरोप लगाया गया है। इसलिए इनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। सब रजिस्ट्रार गोहद में पदस्थ रहे तो वहां भी इन पर लेनदेन के बगैर कामकाज न करने के आरोप लगते रहे हैं।

### सब रजिस्ट्रार बोले- गाइड लाइन के काम में हैं व्यस्त

सब रजिस्ट्रार अजय लोधी से उक्त संदर्भ में चर्चा करने के लिए जब मोबाइल फोन पर चर्चा करने का प्रयास किया गया तो पहले तो उनके द्वारा रिपोर्टर का कॉल ही रिसीव नहीं किए गए। जब दूसरे मोबाइल से कॉल किया गया तो उन्होंने रिसीव तो किया लेकिन यह कहकर कि गाइड लाइन के कार्य में व्यस्त हूं, कॉल कट कर दिया गया।

### जांच कर, की जाएगी कार्रवाई



अगर रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्री नियम विरुद्ध तरीके से की जा रही है और इसके वीडियो वायरल हो रहे हैं तो इसकी जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी पाए जाने पर न केवल सर्विस प्रोवाइडर का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा बल्कि सब रजिस्ट्रार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**किरोड़ीलाल मीणा,**
**कलेक्टर, भिंड**

## बैंकर्स समिति डीएलसीसी की बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 6 मार्च।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति (डीएलसीसी) की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति, बैंकों में लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एलडीओ धीरज गुप्ता, नाबार्ड के आशीष जे. श्रीवास्तव, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) भिंड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना सभी संबंधित विभागों एवं बैंकों की जिम्मेदारी है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मछली पालन योजना, संत रविदास योजना तथा भीमराव अंबेडकर योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी हितग्राही का कार्य सही है तथा सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण हैं, तो पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने बैंक अधिकारियों से अपेक्षा की कि पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनू योजना, आचार्य विद्यासागर योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## अपराजिता आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 6 मार्च।** मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त सहयोग से मिशन शक्ति के उपघटक जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए 'अपराजिता' आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराजिता कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में शासन की एक अनूठी पहल है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से बालिकाओं को जूडो-कराटे, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग और कुश्ती जैसे आत्मरक्षा कौशलों का प्रशिक्षण विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अजीम खान के निर्देशन में विकासखंड लहार तथा भिंड में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विकासखंड लहार में प्रशिक्षक पवन कुमार द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय लहार में तथा विकासखंड भिंड में प्रशिक्षक संजय पंकज द्वारा शासकीय कन्या शाला क्रमांक-2 भिंड में बालिकाओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## गेहूं पर निर्णय किसानों के हित में लिया

**भोपाल, 6 मार्च.** किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा यह निर्णय लिया गया है. इससे अधिक से अधिक किसान अपना पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. मंत्री श्री राजपूत ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए प्रतिबद्ध है. मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागलवाड़ी में आयोजित कृषि कैबिनेट बैठक के पश्चात यह निर्णय लिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे निर्णय ले रहे हैं.

## फाग महोत्सव में शामिल हुए लाल सिंह आर्य, होली की शुभकामनाएं दी



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 6 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने निर्धारित गोहद विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान प्राचीन छेंकुर वाली हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित फाग महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा समिति द्वारा किए गए आत्मीय सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिलाओं और स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक फाग एवं होली गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। आज ब्रज में होली रे रसिया और होली खेले तो आ जइयो बरसाने जैसे गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को उत्साह और उल्लास से भर दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा फूलों की वर्षा कर देश में शांति, सद्भावना, सामाजिक समरसता और विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण और पावन पर्व है। यह त्योहार हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जो प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह उत्सव मन के वैमनस्य को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति में होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और पारस्परिक विश्वास को मजबूत करने का माध्यम भी है।

यह पर्व हमें जीवन को सार्थक बनाने, समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में होली उत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा लाल सिंह आर्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

## प्रजापति समाज के होली मिलन समारोह में शिक्षा व एकता पर दिया जोर



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 6 मार्च।** शहर के मेला ग्राउंड के पास स्थित रामनारायण वाटिका में आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं दीदी हाजी तमन्ना किन्नर गुरु विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश प्रजापति (अध्यक्ष, शिव शक्ति सेवा संस्थान ट्रस्ट कोसड़ अटेर) तथा कैलाश प्रजापति (पूर्व सरपंच, सिलौली गोरमी) ने कार्यक्रम में शिरकत की। यह जानकारी आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति के जिला मीडिया प्रभारी रविरमन प्रजापति ने दी।

समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रप्रकाश प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी और राजनीति सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शक्ति है, जिससे न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया जा सकता है। पूर्व सरपंच कैलाश प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की आलोचना करने के बजाय समाज के विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देने चाहिए, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति के अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने समाज के लोगों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने नारा देते हुए कह कि एक रोटी कम खाएंगे, बच्चों को जरूर पढ़ाएंगे। समिति के संरक्षक लज्जाराम प्रजापति ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा और शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज के विकास के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर भगत राम प्रजापति (जिला उपाध्यक्ष), रवि प्रजापति (जिला महासचिव), रामदास प्रजापति (जिला कोषाध्यक्ष), रविरमन प्रजापति (जिला मीडिया प्रभारी), डॉ. कल्याण प्रजापति (गोरमी ब्लॉक अध्यक्ष), जसवंत प्रजापति (मेहगांव ब्लॉक अध्यक्ष), रामनरेश प्रजापति (गोहद ब्लॉक अध्यक्ष), कामता प्रसाद प्रजापति (मालनपुर ब्लॉक अध्यक्ष), सोमदेव प्रजापति (अटेर ब्लॉक अध्यक्ष) एवं नरेंद्र प्रजापति (युवा संगठन अध्यक्ष) सहित विभिन्न ब्लॉकों की टीमों और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाओं का ब्यौरा तलब

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में संचालित सरकारी स्कूलों की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण पेश करने के निर्देश दिए हैं.

चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में केवल राज्य सरकार ही नहीं, बल्कि स्थानीय निकायों द्वारा संचालित स्कूलों की स्थिति का भी पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है. युगलपीठ ने मामले में प्रदेश के मुख्य सचिव और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की है. दरअसल, जबलपुर के करौंदी स्थित कैंट स्कूल की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित एक समाचार के आधार पर हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल 2025 को स्वत: संज्ञान लिया था.

## सिटी कोतवाली और देहात थाना क्षेत्र में एचआईवी, एसटीआई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 6 मार्च।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से जय देवी शिक्षा प्रसार समिति भिंड द्वारा संचालित लिंक वर्कर परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार को सिटी कोतवाली एवं देहात थाना क्षेत्र में एचआईवी/एसटीआई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस स्टाफ एवं आमजन को एचआईवी/एसटीआई संक्रमण, उसके कारण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान सिटी कोतवाली में टीआई ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर तथा देहात थाने में टीआई मुकेश कुमार शाक्य के सहयोग से लिंक वर्कर परियोजना के प्रतिनिधि ब्रजेन्द्र शर्मा द्वारा एचआईवी, एसटीआई से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एचआईवी संक्रमण के फैलने के कारण, उससे बचाव के उपाय, सुरक्षित व्यवहार, नियमित जांच की आवश्यकता तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि एचआईवी, एसटीआई के प्रति जागरूकता और समय पर जांच से संक्रमण के प्रसार को रोका जा सकता है। साथ ही सुरक्षित व्यवहार अपनाने और स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर लाभ लेने की भी अपील की गई।

इस अवसर पर जय देवी शिक्षा प्रसार समिति भिंड की ओर से ब्रजेन्द्र शर्मा जिला समन्वयक, जीतेन्द्र शर्मा जोनल सुपरवाइजर, शिवशंकर शर्मा जोनल सुपरवाइजर, विकास चतुर्वेदी, नीरज जयंत, जीतेन्द्र शर्मा एवं दीपा उपस्थित रहे।

## नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद नई रेल लाइन को मिली मंजूरी

**380 किमी परियोजना का होगा फाइनल सर्वे**

**नीमच. आदिवासी बहुल क्षेत्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने एक अहम फैसला लिया है.**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने करीब 380 किलोमीटर लंबी नीमच-बांसवाड़ा- दाहोद-नंदुरबार नई रेल लाइन के लिए अंतिम सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की मंजूरी दे दी है. यह प्रस्तावित रेल परियोजना नीमच (मध्य प्रदेश), बांसवाड़ा (राजस्थान), दाहोद (गुजरात) और नंदुरबार (महाराष्ट्र) सहित आदिवासी बहुल क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोडने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है. रेल मंत्री के अनुसार यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी. इससे न केवल दूरदराज के इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि व्यापार, उद्योग और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. बांसवाड़ा क्षेत्र खनिज संपदा से समृद्ध है. यहां मैंगनीज, डोलोमाइट, चूना पत्थर, सोना, तांबा और क्वार्टजाइट जैसे खनिज बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं. रेल लाइन बनने से माल ढुलाई आसान होगी और इन खनिजों की मांग बढने की संभावना है. इससे स्थानीय उद्योग और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी.

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस भिंड में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 6 मार्च।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस भिंड में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 पखवाड़ा कार्यक्रम 25 फरवरी से 6 मार्च का समापन 6 मार्च को किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. मोहित कुमार दुबे के मार्गदर्शन में एवं म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के प्रायोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉ. ए.के. श्रीवास्तव सेवानिवृत्त आचार्य, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, डॉ. नागेंद्र चतुर्वेदी प्राध्यापक, शासकीय आदर्श विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर तथा सत्यभान सिंह भदौरिया वरिष्ठ अध्यापक, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01 भिंड ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई रंगोली, पोस्टर और विज्ञान वर्किंग मॉडल का अवलोकन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने वर्तमान वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपने विचारों को पोस्टर, मॉडल और रंगोली के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं संजना यादव और नैंसी यादव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मोहित कुमार दुबे ने किया तथा उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पखवाड़ा की थीम एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी अतिथियों और विद्यार्थियों को दी। मुख्य वक्ता डॉ. नागेंद्र चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और पर्यावरण विज्ञान जैसे राष्ट्रीय मिशनों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने चंद्रयान-2 मिशन की मिशन निदेशक रितु करिधल, बायोटेक उद्योग की अग्रणी किरण मजूमदार-शॉ, भारतीय मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ी टेसी थॉमस, डॉ. सुमति (भारत बायोटेक) तथा आईवीएफ तकनीक की अग्रणी डॉ. इंदिरा हिंदूजा जैसी महिला वैज्ञानिकों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सत्यभान सिंह भदौरिया ने अपने वक्तव्य में प्रसिद्ध गणितज्ञ शकुंतला देवी का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें 'मानव कंप्यूटर' के नाम से जाना जाता था और वे जटिल गणनाओं को पलभर में हल कर देती थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को गणितीय अवधारणाओं को सरल तरीके से समझाया। साथ ही उन्होंने भारत की महान महिला वैज्ञानिकों जैसे प्रो. असीमा चटर्जी, प्रो. जानकी अम्माल और प्रो. अन्ना मणि के योगदान पर भी प्रकाश डाला। समापन अवसर पर पखवाड़ा के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्न-मंच प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता तथा विज्ञान वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

